शिक्षा
विमर्श
शैक्षिक चिंतन एवं संवाद की पत्रिका

प्रधान संपादक - रोहित धनकर
प्रबंधक - रीना दास
संपादक - विश्वंभर
प्रसार प्रबन्धक - ख्यालीराम

दिगन्तर, टोडी रमजानीपुरा, खो नागोरियान रोड, जगतपुरा, जयपुर - 25 (राज.), फोनः 0141-2750230 e-mail : shikshavimarsh@gmail.com

प्रिय साथियो,

दिगन्तर द्वारा शैक्षिक विचारों के प्रचार प्रसार के लिए हिन्दी में **शिक्षा विमर्श** (द्वैमासिक) पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। आप जानते हैं कि साहित्य आदि के क्षेत्रों में अनेकानेक पत्रिकाएं नियमित प्रकाशित होती हैं लेकिन इतनी वृहत शिक्षा व्यवस्था में हिन्दी में शिक्षा पत्रकारिता में गंभीर पत्रिकाएं नजर नहीं आतीं। शिक्षा विमर्श के माध्यम से हमारा इस रिक्तता को भरने का ही एक प्रयास है। जिस प्रकार आप शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं शिक्षा विमर्श भी इस प्रयास का एक हिस्सा है।

शिक्षा विमर्श के माध्यम से हम शिक्षा सिद्धान्तों, शिक्षा नीतियों, समस्याओं, समसामयिक मुद्दों एवं धरातल पर चल रहे महत्त्वपूर्ण शैक्षिक प्रयोगों के अनुभवों तथा शिक्षा एवं बाल साहित्य के क्षेत्र में प्रकाशित महत्त्वपूर्ण पुस्तकों की समीक्षा पाठकों तक पहुंचाते रहे हैं। शिक्षा विमर्श में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविदों के विचार प्रकाशित होते रहे हैं। अपने दस वर्ष के लघु इतिहास में शिक्षा विमर्श ने अपनी महत्त्वपूर्ण जगह बनायी है।

शिक्षा विमर्श से भारत भर के शिक्षाविद एवं बुद्धिजीवी–**प्रो. कृष्ण कुमार** (निदेशक एनसीईआरटी), **प्रो. यशपाल** (सदस्य, केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड), **प्रो. जलालुद्दीन, प्रो. अनिल सदगोपाल, प्रो. श्याम मेनन** (केन्द्रीय शिक्षा संस्थान), **प्रो. प्रोमेश आचार्य, रोहित धनकर, प्रो. पुरूषोत्तम अग्रवाल, प्रो. योगेन्द्र यादव** आदि के लेख और व्याख्यान प्रकाशित होते रहे हैं।

शिक्षा विमर्श पत्रिका के माध्यम से हमारा यही प्रयास है कि शैक्षिक मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श हो और न सिर्फ शिक्षाकर्म से जुड़े व्यक्तियों तक बल्कि शिक्षा में रुचि रखने वाले अभिभावकों एवं आम लोगों के साथ इसके माध्यम से संवाद कायम हो। साथ ही शिक्षा के अधुनातन प्रगतिशील विचारों से परिचय हो और व्यापक प्रचार प्रसार हो।

आपको इस तरह शिक्षा विमर्श की जानकारी देने का आशय है कि आप हमारे इस प्रयास को किस प्रकार बल प्रदान कर सकते हैं ? क्या यह संभव है कि आप अपने लिए या सम्बन्धित संस्थान के लिए इसकी सदस्यता ली जाए ? यह हमारे स्वैच्छिक प्रयासों से ही निकाली जा रही है। यदि इसमें आपका सहयोग हो, तो हमारे इस प्रयास को बहुत बल मिलेगा।

शिक्षा विमर्श की एक प्रति की वार्षिक सदस्यता (वर्ष में छः अंक) 180/– (एक सौ अस्सी रुपये) है। बैंक ड्राफ्ट, मनीऑर्डर अथवा नगद द्वारा यह राशि **'दिगन्तर शिक्षा एवं खेलकूद समिति, जयपुर'** 'Digantar Shiksha Evam Khelkud Samiti, Jaipur' के नाम भिजवा/जमा करवा सकते हैं।

हमें आशा है कि आप निश्चित ही इसमें सहयोग प्रदान करेंगे।

प्रत्युत्तर की प्रतीक्षा में।

सधन्यवाद,

भवदीय

विश्वंभर

विश्वंभर
संपादक

सदस्यता-प्रपत्र

प्रसार प्रबंधक **'शिक्षा विमर्श'** दिनांक ....
दिगन्तर, टोडी रमजानीपुरा, खोनागोरियान रोड
जगतपुरा, जयपुर-302025

मैं/हमारी संस्था **'शिक्षा-विमर्श'** पत्रिका की वार्षिक सदस्यता ग्रहण करने का/की इच्छुक हूं/है। इसके लिए वार्षिक सदस्यता **राशि 180 रुपये** मनिऑर्डर/बैंक ड्राफ्ट/नगद से **'दिगन्तर शिक्षा एवं खेलकूद समिति**, टोडी रमजानीपुरा, जगतपुरा, जयपुर' के पते पर भेज/दे रहा/रही हूं। कृपया मुझे/हमें पत्रिका निम्न पते पर नियमित भिजवाने की व्यवस्था करें।

नाम : ....

पूरा पता : .... **पिन :**....................

सम्बन्धित संस्था का नाम : .... **फोन :** .... **ई मेल :** ....

हस्ताक्षर सदस्य ग्रहणकर्ता